कार्यालय: प्रधानाचार्य डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय,

कन्नौज, उ0प्र0 | Phone :- 05694-297001

Website: www.gmckannauj.in Email:kannaujmedicalcollege@gmail.com

पत्रांक:- अधि0/छात्रसेल/2026/ दिनांक- 23.11.2026

:: सेवायोजन सूचना ::

उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र संख्या- 148/71-1-24/71-1001/804/2020 दिनांक- 14 जून, 2024 व पत्र संख्या- I/868657/2025/71-1005(001)/20/2021 पार्ट-1 दिनांक 03.02.2025 एवं पत्र संख्या- I/889183/2025/71-1005(001)/20/2021 पार्ट-1 दिनांक- 24.02.2025 के अनुपालन में कालेज ऑफ नर्सिंग डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज में संचालित कॉलेज ऑफ नर्सिंग में निम्नलिखित नर्सिंग संवर्ग के शैक्षणिक रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे/नियुक्त किये जाने हेतु साक्षात्कार (Walk-in-Interview) उपरान्त चयन की कार्यवाही की जानी है।

आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक- 14.12.2026 की सायं 05:00 बजे तक है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा भरे गये आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी अभिलेखों की स्व प्रमाणित छायाप्रति "कार्यालय प्रधानाचार्य डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, तिर्वा, कन्नौज- 209732" के पते पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।

रिक्त पदों का विवरण

College of Nursing Dr. Bhim Rao Ramji Ambedkar Government Medical College, Kannauj (U.P.)	Assistant Professor					Tutor				
	UR	SC	OBC	EWS	ST	UR	SC	OBC	EWS	ST
	0	1	1	0	0	2	0	1	0	0

उक्त रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर चयन की प्रक्रिया समिति की संस्तुति के आधार पर पूर्ण की जायेगी। रिक्त पदों पर समय-समय पर आरक्षण हेतु जारी शासनादेशों का अनुपालन किया गया है। पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है।

उक्त पदों की शैक्षणिक अर्हता/अनुभव

S.N.	Post Name	Qualification & Experience (आ0ई0एन0सी0 मानकानुसार)
1	Assistant Professor	Assistant Professor- Essential Qualification: M.Sc. (Nursing) Experience: M.Sc. (Nursing) with total 3 years teaching experience. Ph.D. (Nursing) desirable
2	Tutor	Tutor- M.Sc. (Nursing) preferable Experience: B.Sc. (Nursing)/P.B.B.Sc. (Nursing) with 1year experience.

***For Assistant Professor – Applications will be in Medical Surgical Nursing and OBG Nursing Only.**

नोट:-

नर्सिंग शिक्षकों की अधिकतम आयु 68 वर्ष निर्धारित की गयी है।

संविदा पर नियुक्त की शर्तें निम्नवत् है:-

1- संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले नर्सिंग शिक्षकों को शासनादेश सं0- 57/2022/I/156557/2022/71-1005(001)/20/2021 दिनांक 15 अप्रैल, 2022 में निर्धारित शर्तें एवं प्रतिबंध लागू होगें।

2- वेतन के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी अन्य किसी भी प्रकार के भत्ते, बोनस एवं पेंशन संबंधी सुविधाओं का हकदार नहीं होगा।

3- नर्सिंग शिक्षकगण स्थानांतरित नहीं किये जायेंगें।

4- संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले शिक्षकगण यथा प्रिंसिपल कम प्रोफेसर को रू0 1,40,000/-, वाइस प्रिंसिपल कम प्रोफेसर को रू0 1,20,000/-, प्रोफेसर को 1,00,000/-, एसोसिएट प्रोफेसर को रू0 80,000/-, असिस्टेन्ट प्रोफेसर को रू0 70,000/- तथा ट्यूटर को रू0 45,000/- का नियत मानदेय प्रतिमाह प्रदान किया जायेगा।

5- संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले नर्सिंग शिक्षकों को वही मानदेय प्रदान किया जायेगा जो शासन द्वारा निर्धारित किया गया है।

6- नर्सिंग शिक्षकों की कार्य दिवस में 08 घण्टें की ड्यूटी होगी, किसी भी कार्य दिवस में अनुपस्थित रहने पर उस दिवस के वेतन की धनराशि प्रदान नहीं की जायेगी।

7- संविदा कार्मिकों को आकस्मिक अवकाश/चिकित्सा अवकाश वर्ष में अधिकतम 14 दिन तथा राजपत्रित अवकाश पूर्व में अनुमति के पश्चात् देय होगा।

8- महिला संविदा कर्मियों को मैटरनिटी लीव, मैटरनिटी बैनिफिट एक्ट 1961 के तहत 180 दिन का अवकाश सवेतन अनुमन्य होगा।

9- यदि कोई संविदा कर्मी बिना किसी विशिष्ट कारण अथवा सूचना के अपनी ड्यूटी से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है, तो उसकी संविदा अनुपस्थिति की तिथि से स्वत: समाप्त मानी जायेगी।

10- संविदा कार्मिक का कार्यकाल अधिकतम 02 वर्ष का होगा। उक्त 02 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् नर्सिंग शिक्षक का चयन पुन: साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। पूर्व में चयनित होने मात्र से संबंधित नर्सिंग शिक्षक को आगामी चयन प्रक्रिया में कोई प्राथमिकता अथवा स्वत: पुनर्नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नही होगा। साथ ही चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संबंधित नर्सिंग शिक्षक द्वारा मा0 न्यायालय में वाद प्रस्तुत किये जाने पर वह पुन: चयन हेतु पात्र नहीं होगा।

11- सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

12- संविदा छोड़ने की स्थिति में कर्मी को एक माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का मानदेय जमा करना होगा।

13- संविदा कर्मी की सेवाये सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने पर Last Come First Go के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी।

14- लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित/नियमित अभ्यर्थी उपलब्ध होने पर इनकी संविदा सेवाये स्वत: समाप्त मानी जायेंगी।

15- साक्षात्कार के समय समस्त वांछित मूल अभिलेख तथा उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 02 नवीन फोटो अवश्य लाये।

16- साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

17- सरकार/आई0एन0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों का ही शैक्षणिक अनुभव मान्य होगा।

18- आर्थिक रूप से कमजोर (ई0डब्लू0एस0) प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये मान्य ही स्वीकार होगा।

19- अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) प्रमाण पत्र दिनांक- 01.06.2026 के बाद का ही मान्य होगा।

20- उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उ0प्र0 सरकार के अद्याविधिक विद्यमान शासनादेशों के अनुरूप आरक्षण अनुमन्य होगा। विवाहित महिला की स्थिति में OBC या SC, ST का प्रमाण-पत्र पिता की तर का होगा।

21- संविदा पर चयनित नर्सिंग शिक्षक भविष्य में विनियमितीकरण/स्थायीकरण के हकदार नहीं होंगे।

22- साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी इस आशय का घोषणा/शपथ पत्र प्रस्तुत करेगें कि "उनके विरूद्ध माननीय न्यायलय में कोई अपराधिक वाद प्रचलित नहीं है और यदि उनके विरूद्ध कोई प्रतिकूल तथ्य पाया जाता है तो उनकी सेवाये तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेंगी"।

23- अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से सम्बन्धित पद हेतु अपने मूल शैक्षणिक योग्यता/अन्य प्रमाण पत्रों को वाक-इन-इन्टरव्यू/प्रपत्र जाँच में अनिवार्य रूप से अपने साथ लायेंगे।

प्रधानाचार्य
डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।

पत्रांक- अधि0/छात्रसेल/2026/ 9408-17 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रमुख सचिव महोदय, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2- महानिदेशक महोदया, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
3- कुल सचिव, अटल बिहारी वाजपेयी, चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ/के0जी0एम0यू0, लखनऊ/उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा।
4- प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज- कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा, मेरठ, झाँसी, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बाँदा, बदायू।
5- प्रधानाचार्य, कालेज ऑफ नर्सिंग, कानपुर।
6- प्रधानाचार्य, कालेज ऑफ नर्सिंग, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
7- प्रभारी अधिकारी वेबसाइट, डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।
8- सम्बन्धित अधिकारीगण, चयन समिति।
9- मेडिकल कालेज कन्नौज के समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

18/12/2026

प्रधानाचार्य
डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कन्नौज।